# UNIVERSITY NEWS 08 DECEMBER 2025

I NEXT

## एथलेटिक्स के लिए टीम चयन ट्रायल 16-17 दिसंबर को

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (7 DEC):** लखनऊ विश्वविद्यालय के पुरुष व महिला एथलेटिक्स टीमों के चयन के लिए ट्रायल 16-17 दिसंबर को आयोजित किए जाएंगे. इन टीमों का चयन नार्थ इंडिया/आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिताओं 2025-26 में भागीदारी के लिए किया जाएगा.

### सुबह 10 बजे से ट्रायल

चयन ट्रायल एलयू के पवेलियन ग्राउंड पर सुबह 10 बजे से होगा.लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के एथलेटिक्स क्लब के अध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह के अनुसार विद्यार्थियों को 15 दिसंबर को शाम पांच बजे से पूर्व पवेलियन ग्राउंड स्थित एथलेटिक एसोसिएशन कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य है.

I NEXT

## गर्म कपड़े मिले तो चेहरे भी खिले

इस पहल का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना था



डालीगंज मलिन बस्ती में बांटे गए गर्म कपड़े.

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (7 Dec):** लखनऊ यूनिवर्सिटी की 64, यूपी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स द्वारा डालीगंज मलिन बस्ती में जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को गर्म कपड़े वितरित किए गए. इस पहल का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उनकी सहायता करना था. यह कदम समाज में संवेदना और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ यह संदेश भी देता है कि एक छोटी-सी मदद किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है. इस मौके एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. रजनीश कुमार यादव, सुपर सीनियर आशुतोष भार्गव, रत्नाकर रॉय के साथ अन्य कैडेट्स मौजूद रहे.

### कई संस्थाएं कर रहीं मदद

सर्दी का सीजन शुरू होते ही राजधानी में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से भी जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया जा रहा है.

DAINIK JAGRAN

## एथलेटिक्स के लिए चयन ट्रायल 16-17 दिसंबर को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के पुरुष व महिला एथलेटिक्स टीमों के चयन के लिए ट्रायल 16-17 दिसंबर को आयोजित किए जाएंगे। इन टीमों का चयन नार्थ इंडिया/आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिताओं 2025-26 में भागीदारी के लिए किया जाएगा। चयन ट्रायल लवि के पवेलियन ग्राउंड पर सुबह 10 बजे से होगा। यह सूचना लवि एथलेटिक एसोसिएशन के एथलेटिक्स क्लब के अध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह ने दी। (वि.)

DAINIK JAGRAN

## एनसीसी कैडेट्स ने वितरित किए गर्म कपड़े

लखनऊ : लवि के 64 यूपी बीएन एनसीसी के कैडेट्स ने रविवार को कपड़ा वितरण गतिविधि का आयोजन किया। कैडेट्स ने लवि के गेट नंबर चार से डालीगंज मलिन बस्ती तक पैदल चलकर इकट्ठे किए गए पुराने कपड़े जरूरतमंद लोगों को दिए। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट रजनीश कुमार यादव, सुपर सीनियर आशुतोष भार्गव, रत्नाकर राय, सीनियर अंडर आफिसर शशांक दुबे, सिमरन पांडेय आदि उपस्थित रहे। वि.

AMRIT VICHAR



गर्म कपड़ों का वितरण करती एनसीसी कैडेट्स।

## एनसीसी कैडेट्स ने गर्म कपड़ों का किया वितरण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की 64 यूपी बीएन एनसीसी कैडेट्स द्वारा कपड़ा वितरण गतिविधि का आयोजन किया गया। पुराने कपड़े एकत्रित करके जरूरतमंद लोगों में वितरित किए गए। जिसमें शीत ऋतु के कपड़े, महिलाओं के लिए साड़ी, बच्चों के खिलौने और बुजुर्गों एवं अन्य जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किये गए। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ.) रजनीश कुमार यादव, आशुतोष भार्गव, रत्नाकर रॉय के साथ सीनियर अंडर ऑफिसर शशांक दुबे, अंडर ऑफिसर सिमरन पांडे आदि शामिल रहे।